पत्र संख्या-26/2024/920/78-2-2024-ई-250815

प्रेषक,

अनिल कुमार सागर,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
यूपीडेस्को,गोमती नगर, लखनऊ ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 19 जुलाई,2024

विषय- यू.पी. स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क 2.0 (यूपीस्वान-2.0) परियोजनान्तर्गत पारित अनुबन्ध की शर्तानुसार वर्तमान सिस्टम इन्टीग्रेटर का कार्यकाल विस्तारित किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक यूपीडेस्को के पत्र संख्या-डी/2024-25 /1011, दिनांक 20-06-2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को द्वारा यू.पी. स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क 2.0 (यूपीस्वान-2.0) परियोजनान्तर्गत पारित अनुबन्ध की शर्तानुसार वर्तमान सिस्टम इन्टीग्रेटर का कार्यकाल विस्तारित किये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- अवगत कराना है कि उक्त प्रस्ताव के संबंध में सक्षम स्तर पर सम्यक् विचारोपरान्त यू.पी. स्टेट वाइड एरिया नेटवर्क 2.0 (यूपीस्वान-2.0) परियोजनान्तर्गत पारित अनुबन्ध की शर्तानुसार वर्तमान सिस्टम इन्टीग्रेटर ''मेसर्स भारती एयरटेल लिमिटेड'' के कार्यकाल को दिनांक 01-08-2024 से 30-11-2024 तक पूर्ववत नियम एवं शर्तों के अनुसार विस्तारित किये जाने पर मत स्थिर किया गया है।उक्त अवधि में यू0पी0 स्वान के अन्तिम मॉडल का रुप निर्धारित कर नये सिस्टम इन्टीग्रेटर के चयन की प्रक्रिया का प्रारम्भ किया जाए।

3- अत: इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपर्युक्तानुसार अवगत होते हुये अग्रतर आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
अनिल कुमार सागर
प्रमुख सचिव

पृष्ठाकन संख्या-920/78-2-2024 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1-निजी सचिव, मा0 मंत्री जी,आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
2-मुख्य स्टॉफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन।
3-निजी सचिव, प्रमुख सचिव ,आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
4-निजी सचिव, विशेष सचिव,आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
5- राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, योजना भवन, लखनऊ।
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
राहुल सिंह
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in